15.07.2026 आकाशवाणी जयपुर-अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने जनता की सेवा को जनप्रतिनिधियों की सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी बताया-मतदाताओं की बात धैर्य और संवेदनशीलता से सुनने का आग्रह किया।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 और मोबाइल फोन निर्माण सहित कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई।
- राज्य में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच का सघन स्क्रीनिंग अभियान शुरू-अधिक जोखिम वाली स्त्रियों की विशेष निगरानी की जाएगी।
- प्रदेश में मॉनसून के दूसरे दौर के सक्रिय होने के आसार के बीच 18 जिलों के लिए बरसात का अलर्ट।

000

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि जनता मतदान कर लोकतंत्र में अपना भरोसा बताती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जनता के इस विश्वास को बनाये रखने के लिए पूरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ काम करने का आह्वान किया। श्री राधाकृष्णन आज जयपुर में राजस्थान विधानसभा के 75वें वर्ष के उपलक्ष में आयोजित वर्तमान और पूर्व विधायकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य विधानमंडल भारतीय लोकतंत्र की धडकन है। संसद पूरे देश की आंकाक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है, वहीं राज्य विधानसभाएं गांवों, नगरों और परिवारों की आशाओं, सपनों और चिंताओं की आवाज़ है। यहीं विधानमंडलों का मूल स्वर और गरिमा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपने निर्वाचकों से विनम्र होकर मिलने और धैर्य तथा संवेदनशीलता से उनकी बात सुनने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जनप्रतिनिधि चाहे सत्ता पक्ष का हो, या विपक्ष का, उसके सार्थक और नीतिगत सुझावों को जरूर अमल में लाना चाहिए, इससे बड़ा बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति विधानमंडलों भवनों की भव्यता में नहीं, बल्कि उनमें होने वाले गुणवत्तापूर्ण आचरण और चर्चाओं में निहित है।

इससे पहले, समापन सत्र को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के विचार अलग-अलग हो सकते हैं, किन्तु सभी का मूल उद्देश्य जनता की भलाई और प्रदेश का विकास है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शिरकत की। सम्मेलन में पूर्व और वरिष्ठ विधायकों को सम्मानित भी किया गया।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 और मोबाइल फोन निर्माण योजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में हुई बैठक में वाराणसी में दो एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेन्स में फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के लिए 1 लाख 27 हजार 500 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया है। इससे देश को ग्लोबल सेमीकंडक्टर नक्शे पर लाने में मदद मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

000

मंत्रिमंडल ने साढ़े 62 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ मोबाइल फ़ोन विनिर्माण योजना को भी स्वीकृति दी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह योजना अगले 5 वर्षों के लिए लागू की जाएगी। इस योजना की अवधि में लगभग 39 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन बनाए जाएंगे। इससे लगभग 60 हजार लोगों को प्रत्यक्ष नौकरियां मिलने की भी उम्मीद है। मंत्रिमंडल ने यूरिया के लिए राष्ट्रीय निवेश नीति को भी मंज़ूरी दी। इसका उद्देश्य यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा देना है, ताकि आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

000

चुनाव, मीडिया और मतदाता शिक्षा को लेकर आज जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी रखी गई। नई दिल्ली स्थित अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान तथा एन.एल.यू. जोधपुर की ओर से इसका आयोजन किया गया। एचसीएम रीपा में हुई इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा कि युवा प्रजातंत्र का अहम हिस्सा हैं। स्कूल और कॉलेजों में मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा रही है। इसके लिए राज्य में 25 हजार इलैक्टोरल लिटरेसी क्लब बनाये गये हैं।

000

प्रदेशभर में आज गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच का सघन स्क्रीनिंग अभियान शुरू हुआ। पांच दिन तक चलने वाले इस अभियान में उच्च जोखिम वाली महिलाओं की विशेष निगरानी की जाएगी। एएनएम, आशा सहयोगिनियां और सीएचओ गर्भवती महिलाओं की सेहत का ब्यौरा रखेंगे। इस बीच, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने आज बांसवाड़ा में मीडिया से

बातचीत में कहा कि सरकार गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर काफी संवेदनशील है। विभिन्न स्थानों पर हाल ही में हुई प्रसूताओं की मौत के सवाल पर उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की टीम इसके वास्तविक कारणों की जांच कर रही है। श्री खींवसर ने कहा कि अधिकतर मामलों में किसी तरह के संक्रमण और दवाओं के रिएक्शन की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है।

000

विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर आज प्रदेश में विभिन्न आयोजन हुए। प्रभात फेरी, रैली और अन्य जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया। साथ ही विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कॅरियर मार्गदर्शन सत्र भी रखे गये। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उनके कौशल विकास पर बल दिया गया। समारोह में कौशल, रोजगार और उद्यमिता राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कौशल विकास के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री विश्नोई ने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुर्वेद के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर बल दिया है। आज नई दिल्ली में 'सौश्रुतम् 2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सरकार ने आयुर्वेद और योग को दुनियाभर में नई पहचान दी है। उन्होंने आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा की प्राचीन परम्परा को वैज्ञानिक मानकों पर स्थापित करने के प्रयासों पर खुशी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष मंत्रालय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मानकीकरण को मजबूत करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर काम कर रहा है।

000

राज्य सरकार सरकारी स्कूल भवनों की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर और संवेदनशील है। स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने आज जयपुर जिले में विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण कर भवनों की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। श्री यादव ने अधिकारियों को विद्यालय भवनों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय भवनों की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

000

प्रदेशभर में लोग मॉनसून के दूसरे दौर के शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीते 24 घंटों में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अलवर में हुई बारिश से गर्मी से राहत रही। बाकी स्थानों पर लोगों को गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून एक बार फिर सक्रिय होने जा रहा है। विभाग ने आज 18 जिलों के लिए गरज चमक के साथ बरसात की गतिविधियों का येलो अलर्ट बताया है।

000

जयपुर में पहली बार कल विदेश सम्पर्क स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेन्स आयोजित की जा रही है। विदेश मंत्रालय और राजस्थान सरकार की ओर से ये कॉन्फ्रेन्स राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगी। इसमें सुरक्षित प्रवासन को बढ़ावा देने, फर्जी एजेंटों से बचाव और प्रवासियों के कल्याण, निवेश और पर्यटन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

000

जयपुर में अगले महीने ब्रिक्स उद्योग और व्यापार मंत्रियों की बैठक होगी। 6 और 7 अगस्त को होने वाली इस बैठक को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को सभी इंतजाम तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने इस महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के लिए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने को कहा। ब्रिक्स समूह में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र और अन्य देश शामिल हैं। इस आयोजन के लिए विभिन्न देशों के मंत्री और वरिष्ठ प्रतिनिधि मंडल जयपुर आएंगे।

000

केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी की ओर से आज जयपुर में राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में नाट्य प्रस्तुति तिरंगा का मंचन हो रहा है। ये कार्यक्रम महाकवि कालीदास जयंती और वंदे मातरम् के डेढ़ सौवें वर्ष के स्मरणोत्सव के उपलक्ष में रखा गया है।

000

राज्य में अग्निवीरों के लिए पहली सेना भर्ती रैली 25 जुलाई से शुरू होगी। रक्षा जन संपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये रैली उदयपुर के महाराणा प्रताप खेल गांव स्टेडियम से शुरू होगी। अजमेर, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, कोटा सहित 19 जिलों के अभ्यर्थियों के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कॉमन एंट्रेन्स एग्जाम 2026 में शामिल हुए 8 हजार अभ्यर्थियों को इस रैली में विभिन्न श्रेणियों के लिए कॉलअप नोटिस जारी किया गया है।

000